अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र

(विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का स्वायत्त केंद्र)

अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली-110067

विश्व हिंदी दिवस– (10 जनवरी)

राजभाषा नियमों के अनुपालन में, अंतर-विश्वविद्यालय त्वरक केंद्र में दिनांक **10 जनवरी 2024** को **विश्व हिंदी दिवस** का आयोजन किया गया । इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों के लिए एक **लघु व्याख्यान** और **प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, वक्ता और संचालक के रूप में श्री नरेश कुमार, उप निदेशक, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, को आमंत्रित किया गया था। **लघु व्याख्यान** का विषय **"हिंदी भाषा और विश्व में इसका महत्व"** था।

चित्र 1 : विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित लघु व्याख्यान

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के कुल 5 चरण थे और इसे समूह में आयोजित किया गया था। जिसमें प्रथम स्थान हिमालय समूह ने, द्वितीय स्थान नीलगिरी समूह ने और तृतीय स्थान अरावली समूह ने प्राप्त किया।

चित्र 2 : विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता